तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

9 मोदी की गारंटी से गरीबों के जीवन में खुशहाली : जैन

10 विधायक निधि से 2 चौपालों का नवनिर्माण करवाया


## खबर संक्षेप



### कर्मचारी के घर से एक लाख की राशि चोरी

**सोनीपत।** सदर थाने में महज 50 कदम की दूरी पर स्थित मकान से एक लाख रुपये की राशि चोरी होने व सामान की तोड़फोड़ करने के आरोप का मामला सामने आया है। पंचायत भवन में कार्यरत अशोक विहार निवासी निशा ने बताया कि वह बच्चों के साथ मायके गई थी। घर लौटी तो घर के दरवाजे पर लगे ताले टूटे मिले। अलमारी के अंदर रखी एक लाख रुपये की राशि गायब मिली। घर में बेड व अन्य सामान की तोड़-फोड़ की हुई थी।

### खेत से समर्सिबल चोरी नौकर पर चाकू से हमला

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के कुमासपुर गांव में खेत से समर्सिबल की मोटर चोरी करने व खेत में काम करने वाले नौकर पर चाकू से हमला कर घायल करने के का मामला सामने आया है। गांव कुमासपुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसका गांवन में नहर पार करके खेत है। जिसमें सिंचाई के लिए समर्सिबल लगाया हुआ है। किसी ने समर्सीबल का पाइप काटने का प्रयास किया, लेकिन चोरों की कोशिश नाकाम हो गई। नौकर ने मोटरसाइकिल पर उनकी कमीज पकड़ ली। हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया।


### हत्या में शामिल आरोपित गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**सोनीपत।** गांव करेवड़ी के युवक की मोबाइल चोरी के शक में हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंकने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जितेंद्र उर्फ टींकू निवासी खांडा का है। अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। सुदेश ने 20 दिसंबर को मोहाना थाना में बेटे के लापता होने की शिकायत दी थी। उनका बेटा सोनू घर से 23 नवंबर को बाइक लेकर गया था। सुदेश ने 22 दिसंबर को फिर से बयान दिए थे कि उनका बेटा करेवड़ी के सुमेर से मिलने के लिए गया था।

# कोहरा हुआ कम, सर्दी बढ़ी, 14 घंटे की देरी से चली ट्रेन

- कोहरा हुआ कम, सर्दी बढ़ी, 14 घंटे की देरी से चली ट्रेन
- रात को दृश्यता 5 मीटर तक सिमटी, आने वाले सप्ताह में और छाएगा कोहरा
- दिन में कुछ देर के लिये हुए सूर्य देव के दर्शन, शाम को फिर से छाया कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जिले में दो दिनों तक कोहरा छाए रहने के बाद वीरवार को कोहरे से कुछ राहत मिली, लेकिन बढ़ी ठंड ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। दिन में कुछ देर के लिये हलकी धूप खिली थी, लेकिन जैसे-जैसे शाम ढली वैसे-वैसे कोहरा भी बढ़ता गया।

सुबह से लेकर दोपहर बाद तक जो दृश्यता 20 मीटर के आसपास थी, वो शाम के बाद 10 मीटर के आसपास रह गई। कोहरे की वजह से सड़कों पर यातायात की गति ज्यादा नहीं रही, वहीं रेल यातायात पर काफी बुरा प्रभाव पड़ा। लंबी दूरी की ट्रेन 14 घंटे तक लेट रहीं, वहीं सवारी गाड़ियां भी एक से डेढ़ घंटे की देरी से चली। कोहरे के कारण 16 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चली। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। कोहरे के बीच यात्री स्टेशन पर बैठ ट्रेनों का इंतजार करते रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी कोहरे का असर बरकरार रहेगा। जिले में वीरवार को जिला कोहरे की चादर से ढका रहा। दिन में कोहरे से थोड़ी राहत मिली और तीसरे पहर तीन बजे कुछ देर के लिए सूर्य निकले। कोहरे ने हाईवे व संपर्क मार्गों पर वाहनों की गति पर लगाम लगाई रखी। रात को दृश्यता 5 मीटर तक सिमटकर रह गई। दिन में हवा चलने से वायु गुणवत्ता सूचकांक 161 दर्ज किया गया। बुधवार को यह 261 दर्ज किया गया था। वीरवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। ठंड बढ़ने के साथ गेहूं की बढ़वार बेहतर हो सकेगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड बढ़ने से गेहूं समेत रबी की फसलों को फायदा होगा।

**यात्रियों को परेशानी:** कोहरे का असर बरकरार रहने से वीरवार को ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। ट्रेनों के 14 घंटे से अधिक समय की देरी से चलने से कुछ यात्रियों ने जहां यात्रा स्थगित कर टिकट रद करवाई तो कुछ ने बसों का सहारा लिया। आम्रपाली एक्सप्रेस सात घंटे, मालवा एक्स. नौ घंटे, बठिंडा एक्स. चार घंटे, नई दिल्ली इंटरसिटी तीन घंटे तो गीता जयंती एक्सप्रेस 14 घंटे से अधिक देरी से चल रही है।

### शीत लहरें चलने की भी संभावनाएं

आगामी चार से पांच दिनों में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा, हालांकि अधिकतम तापमान में गिरावट आने की संभावना बनी हुई है। आगामी दिनों में शीत लहरें चलने की भी संभावनाएं बनी हुई हैं।
**-डॉ. प्रेमदीप सिंह,** मौसम विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुरा

### अप ट्रैक की ट्रेनें

| गाड़ी सं. | ट्रेन का नाम | स्थित |
|---|---|---|
| 11841 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 14:34 घंटे |
| 11057 | अमृतसर एक्सप्रेस | 02:10 घंटे |
| 12311 | नेताजी एक्सप्रेस | 05:10 घंटे |
| 04471 | पीएनसी | 01:30 घंटे |
| 18101 | संभलपुर एक्सप्रेस | 03:30 घंटे |
| 11077 | झेलम एक्सप्रेस | 04:25 घंटे |
| 04451 | दिल्ली-पानीपत मेमू | 01:00 घंटे |
| 04963 | महिला स्पेशल | 01:00 घंटे |

### डाउन ट्रैक की ट्रेनें

| गाड़ी सं. | ट्रेन का नाम | स्थित |
|---|---|---|
| 18310 | संभलपुर एक्सप्रेस | 01:20 घंटे |
| 11078 | झेलम एक्सप्रेस | 04:00 घंटे |
| 14508 | बठिंडा एक्सप्रेस | 04:00 घंटे |
| 12460 | सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 02:45 घंटे |
| 04452 | कुरुक्षेत्र-दिल्ली मेमू | 02:00 घंटे |
| 11058 | दादर एक्सप्रेस | 01:10 घंटे |
| 12498 | शान ए पंजाब | 02:13 घंटे |
| 11842 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 09:00 घंटे |

## दस्ती दिए गए लाइसेंस का भी रिकॉर्ड खंगाला, जांच करेगी टीम

# आरटीए में सीएम फ्लाइंग का छापा एक कर्मी गैरहाजिर, खंगाला रिकॉर्ड

- तीन माह में बनाए गए भारी वाहन लाइसेंस, व्यवसायिक वाहन पंजीकरण, डुप्लीकेट लाइसेंस की फाइलें खंगाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) की टीम ने वीरवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालय में छापा मारकर कर्मियों व अधिकारियों की हाजिरी चैक की। सुबह सवा 9 बजे पहुंची टीम को एक कर्मी गैर हाजिर मिली। इस दौरापन टीम ने तीन माह में बनाए भारी वाहन लाइसेंस की फाइलों को खंगाला। वहीं दस्ती (बाई हैंड) दिए गए लाइसेंस, व्यावसायिक वाहन पंजीकरण व डुप्लीकेट लाइसेंस की जांच की गई। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने पूरा रिकार्ड खंगाला।

वीरवार सुबह सवार नौ मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम में शामिल इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसआई महावीर सिंह और एएसआई राजेश की टीम आरटीए कार्यालय में पहुंची। टीम ने सबसे पहले कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। जिसमें एक कर्मी गैरहाजिर मिला। टीम ने तीन माह की भारी वाहन लाइसेंस, व्यावसायिक वाहन पंजीकरण, डुप्लीकेट लाइसेंस बनाने की फाइलों की जांच की।



**सोनीपत।** आरटीए कार्यालय में जांच करते सीएम फ्लाइंग की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### छापे से हड़कंप मचा रहा

छापा डालने के बाद से कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। कार्यालय में जहां अन्य दिनों में भीड़ लगी रहती थी, वहां पर आज कुछ लोग ही नजर आए। जांच में पता लगा कि तीन माह में भारी वाहन लाइसेंस के लिए 530 ने आवेदन किया है। जिसमें से 385 के लाइसेंस बनाकर वितरित किए गए। इनमें से 357 के लाइसेंस डाक के माध्यम से भेजे गए। लाइसेंस डाक के माध्यम से ही भेजने के निर्देश है। जिससे लाइसेंस बनाने वाले की वेरिफिकेशन भी हो सके। वहीं 28 लाइसेंस दस्ती दिए गए हैं। जिसमें पुलिस, परिवहन व एंबुलेंस चालक के लाइसेंस शामिल है। इनकी जांच की जाएगी। वहीं डुप्लीकेट लाइसेंस के लिए 63 ने आवेदन किया है। जिसमें से 49 के लाइसेंस डाक से व सात के दस्ती भेजे गए। इसके साथ ही 1439 व्यावसायिक वाहन पंजीकरण किए गए। जिसमें से एक हजार को डाक से व 341 कार्यालय से जारी किया गया है। गए। कार्यालय से जारी रजिस्ट्रेशन में पुलिस, परिवहन विभाग व एंबुलेंस की गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन भी शामिल है। सभी जांच कर कारण पूछा जाएगा। कमी मिली तो कार्रवाई को उच्च स्तर पर लिखा जाएगा। साथ ही विभाग में बायोमीट्रिक मशीन से हाजिरी नहीं लगाई जा रही थी। इसके साथ ही महिला शौचालय व बाहर से आने वाले लोगों के बैठने को भी उचित प्रबंध नहीं था। जिसके लिए लिखा जाएगा।

### कामकाज दुरुस्त मिला

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने जांच की और कामकाज दुरुस्त मिला। एक कर्मचारी किसी कार्य से चंडीगढ़ गया हुआ था, जो कार्यालय में देरी से पहुंचा था। कर्मी से विभागीय स्तर पर जवाब मांगा जाएगा। *-गुरप्रीत संधू, मोटर वाहन अधिकारी, सोनीपत*

### रिपोर्ट उच्च स्तर तक भेजी जाएगी

छापा डालने का मुख्य उद्देश्य दलालों के माध्यम से हो रहे कामों का पता लगाकर नकेल कसना है। पूरी जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और आम लोगों के काम समय पर होना सुनिश्चित करने के लिए सरकारी कार्यालयों के कामकाज का निरीक्षण किया जाता है। साथ ही संबंधित विभाग के कामकाज, लोगों के कार्यों की रिपोर्ट ली जाती है। अगर कोई अनियमितता मिलती है तो इसका कारण पूछा जाएगा। साथ ही पूरी रिपोर्ट बनाकर उच्च स्तर तक भेजी जाएगी।
*-अजीत सिंह, डीएसपी मुख्यमंत्री उड़नदस्ता*

### चालान और जुर्माना का रिकॉर्ड भी खंगाला

सीएम फ्लाइंग की टीम ने इस छापे के दौरान ओवरलोड वाहनों के चालान और जुमार्ना, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, रोड टैक्स से मिलने वाले राजस्व, रोड सेफ्टी कार्यक्रम का रिकार्ड भी खंगाला। रोड टैक्स के रूप में 960 वाहनों से 4,75,38,970 रुपये व ऑनलाइन टैक्स के रूप में 13,60,74,470 रुपये लिया गया है। विभाग की तरफ से जिले में 102 प्रदूषण जांच केंद्र में से 47 की चेकिंग गई है और चार में गड़बड़ी मिलने पर 16 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।



**सोनीपत।** फैक्टरी में लगी आग के बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम।

# सोनीपत में बर्तन बनाने की फैक्टरी में लगी आग

- दमकल विभाग की टीम ने नौ घंटे की मशक्त के बाद आग पर पाया काबू

**सोनीपत।** कुंडली के पास स्थित नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्टील के बर्तन बनाने की फैक्टरी में देर रात आग लग गई। रात को फैक्टरी बंद होने के चलते अंदर कोई कर्मी नहीं था। आग लगी देख सुरक्षा गार्ड ने मैनेजर को अवगत कराया। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड ने करीब साढ़े नौ घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को मौके पर खड़ा किया गया था। शाम तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गांव नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसएनबी बर्तन फैक्टरी के मैनेजर अशोक मित्तल ने बताया कि रात 11 बजकर 50 मिनट पर उन्हें गार्ड ने सूचना दी कि फैक्टरी में आग लगी है। उसने आग के फोटो भी उन्हें भेजे। उनकी फैक्टरी में क्लासिक एसेंशियल्स के नाम से स्टील के बर्तन बनाए जाते हैं। रात को फैक्टरी बंद रहती है, जिसके चलते अंदर कोई कर्मचारी नहीं था। सूचना के बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। जिस पर टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने प्रयास शुरू कर दिया। सुबह साढ़े नौ बजे तक आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, लेकिन धुआं उठता रहा। जिस पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को मौके पर खड़ा किया गया।

### फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां ने पाया काबू

देर रात आग लगने की जानकारी मिलते ही गाड़ियां भेज दी गई थी। आग से फैक्टरी में काफी नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां लगाई गई थी। जिन्होंने आग पर काबू पा लिया। सभी गाड़ियां सोनीपत से ही बुलाई गई थी। रात को कोहरे के चलते गाड़ियों को आने में थोड़ा समय लगा।
- राजेंद्र सिंह दहिया
जिला दमकल अधिकारी।

### रात को घने कोहरे ने थामी गाड़ियों की रफ्तार

फैक्टरी मैनेजर अशोक मित्तल ने बताया कि आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहुंचने में देरी हुई। रात को कोहरा होने के कारण गाड़िया देरी से पहुंच सकी। आग की जानकारी 11 बजकर 50 मिनट पर देने के बाद साढ़े 12 बजे तक गाड़ियां पहुंची।



**हिसार।** स्पेशल नाकाबंदी में पकड़े गए डबल मर्डर के तीनों आरोपित पुलिस टीम की गिरफ्त में। **फोटो : हरिभूमि**

# लाठ में डबल मर्डर के आरोपित हिसार में पकड़े

- फर्जी नंबर प्लेट लगी वेरना कार बरामद, एक पर पांच हजार का इनाम

**सोनीपत।** पुलिस ने बालसमंद चौकी के पास स्पेशल नाकाबंदी के दौरान डबल मर्डर के तीन वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से वेरना कार बरामद की है। इनमें से एक पर पांच हजार का इनाम भी घोषित है।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने बताया कि बालसमंद चौकी पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए भादरा की तरफ से आ रहे कार सवार तीन युवकों को काबू किया। पूछताछ में इनकी पहचान रोहतक के गांव चुलाना निवासी मेनपाल, सोनीपत के लाट गांव निवासी राकेश उर्फ राका व रविंद्र उर्फ रवि के रुप में हुई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार बालसमंद चौकी पुलिस चौकी के सामने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी कि उन्होंने भादरा राजस्थान की तरफ से आ रही एक काले रंग की वेरना गाड़ी के रूकवाया। गाड़ी सवार युवकों से कागजात बारे पूछताछ की तो वे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। इन युवकों ने गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई है।

### स्पेशल नाकाबंदी में दबोचे तीन वांछित

पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर तीनों आरोपितों चुलाना निवासी मेनपाल तथा लाट निवासी राकेश उर्फ राका व रविंद्र उर्फ रवि के खिलाफ केस दर्ज करके इन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपित डबल मर्डर के मामले में वांछित है। इन्होंने इस वर्ष 15 सितंबर को सोनीपत के गांव लाट में गांव के ही रमेश और राज का मर्डर किया था।

# गाड़ी चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा



**सोनीपत।** सेक्टर-27 सोनीपत शहर थाना पुलिस ने गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश हालत में सेक्टर-15 निवासी ललित ने गत 24 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह गाड़ी में गांव गढ़ शाहजाहपुर में गया था। जहां ढाबे के सामने गाड़ी करके कमरा लेकर सो गया। अगले दिन सुबह उठा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि मामल में कार्रवाई करते हुए आरोपित आदित्य को गिरफ्तार कर लि है। आरोपित के पास से चोरी की गाड़ी को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त ने किया वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दौरा

घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य शत-प्रतिशत करें पूर्ण, सफाई व्यवस्था को करें सुदृढ़

**सोनीपत।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त विकास गुप्ता ने मुरथल-ताजपुर स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट मुरथल का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र का सारा कूड़ा प्लांट में पहुंचायें, ताकि उसका सदुपयोग करते हुए विद्युत निर्माण किया जा सके। यूएलबी आयुक्त विकास गुप्ता ने निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन क्षमता तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। प्लांट को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि कूड़े का उचित निस्तारण हो सके, जिससे सफाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया



आयुक्त विकास गुप्ता ने शहरी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि घर-घर से कूड़ा उठाने के कार्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। हर घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था करें जिससे सफाई व्यवस्था बेहतर होगी। कहीं भी कूड़े के ढ़ेर नहीं लगने चाहिए। सफाई व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे लोगों को लाभ मिलेगा। इस दौरान नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने यूएलबी आयुक्त को भरोसा दिलाया कि उनके सभी दिशा-निदेर्शों की पूर्ण अनुपालना करते हुए सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे।

## नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए खोला गया सरल पोर्टल

# कुत्ता पालने पर पंजीकरण है जरूरी किसी नस्ल पर नहीं लगी है पाबंदी

मालिकों को हर साल रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण करना होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग जो अपने घरों में कुत्ता पाल रहे हैं और जो पालना चाहते हैं, उन्हें लाइसेंस लेना जरूरी किया गया है।

इसके लिये नगर निगम द्वारा बकायदा गाइडलाइन जारी की गई हैं। गाइडलाइन के तहत कुत्ते को बाहर घुमाने या बाहर ले जाने पर मुखौटा पहनाना होगा, ताकि कुत्ता किसी व्यक्ति को काट ना सके। लोगों को अपने पालतू कुत्ते का पंजीकरण भी करवाना होगा। पालतू कुत्ते के मालिकों को हर साल रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण करना होता है।

इसके लिए सरल पोर्टल पर भी आवेदन किया जा सकता है। किसी भी नस्ल के कुत्तों के पालन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इससे अब लोग अपनी पसंद की किसी भी नस्ल का कुत्ता पाल सकते हैं।

### कुत्तों के आक्रमण की घटनाएं बढ़ रही

सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में हाल की घटनाओं में कुत्तों के आक्रमण की घटनाएं बढ़ रही हैं, और इसके परिणामस्वरूप लोग घायल हो रहे हैं। अस्पतालों में रोजाना रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए 70 से ज्यादा लोग पहुंच रहे है। ऐसे लोगों को अपने पालतू कुतों का सही से देखभाल करने की आवश्यकता है ताकि इससे दूसरों को कोई परेशानी न हो। इसके लिए पालतू कुते के मालिकों को पंजीकरण करना अनिवार्य है। पंजीकरण न करने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

### पंजीकरण न कराने वालों पर होगी कार्रवाई

लोगों के लिए पालतू कुते का पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए लोगों को सरल पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पंजीकरण न कराने वाले पालतू कुते के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- **विश्राम मीणा,** आयुक्त, नगर निगम

# अलाव जलाकर दिया धरना

जुआं गांव के बीपीएल परिवारों का धरना 47वें दिन भी जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जुआं गांव के बीपीएल परिवार प्लॉटों पर कब्जे की मांग को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं। धरने के 47वें दिन वीरवार को ग्रामीणों ने बढ़ती ठंड के बीच अलाव जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि चाहे कितनी भी ठंड पड़ जाए, लेकिन जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि अगर प्रशासन किसी कारणवश कार्रवाई नहीं करता तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द बीपीएल परिवारों की सुध ले और उन्हें उनका अधिकार दे। काफी समय से गरीब परिवार अपना हक पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन सरकार का नैतिक फर्ज बनता है की गरीब परिवारों के हक के लिए जो घोषणाएं लागू की है उसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। घोषणाएं कागजों तक सीमित ना रखी जाए। घोषणाओं का लाभ आम गरीब परिवारों को तुरंत दिया जाए। इस अवसर पर मोहम्मद, रमेश, मामन, राजपाल, ओम प्रकाश, महीपाल, धर्मवीर, राजकुमार, सूरजभान, रामपाल, राकेश, रणवीर, रामधारी, रोशनी, धन्नो, मुकेश, पूनम, सुनीता, अंगूरी, बबीता, क्लासों, सुमित्रा, कमलेश, राजबाला, संगीता, बाला, निर्मला, विमला आदि उपस्थित रही।

# राजस्थान में महाराणा प्रताप नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप

# साउथ पॉइंट स्कूल की पलक ने रजत, शिवम ने कांस्य कब्जाया

## पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महाराणा प्रताप नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट स्कूल के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते हैं। दोनों खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पदक विजेताओं को बधाई दी और जो कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि महाराणा प्रताप नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन राजस्थान के जयपुर स्थित स्वामी मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 24 से 26 दिसंबर तक किया गया था। जिसमें साउथ पॉइंट स्कूल से 12वीं कक्षा की छात्रा पलक शर्मा ने लड़कियों के जूनियर वर्ग में अंडर-59 किलोग्राम भारवर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। वहीं अंडर-49 किलोग्राम भारवर्ग में कैडेट वर्ग में नौवीं कक्षा के शिवम ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, साउथ पॉइंट स्कूल की सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।


चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व सीईओ भावना के साथ पदक दिखाते खिलाड़ी।


विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते ग्राम प्रहरी एचसी दिनेश।

### रितिका ने महिला मुक्केबाजी में रजत पदक जीता

**सोनीपत।** ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 दिसंबर तक 7वीं एलिट वूमेन सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग अकादमी की रितिका दहिया ने +81 भार वर्ग में खेलते रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया हैं कि प्रतियोगिता में 584 महिला बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग अकादमी की रितिका ने प्री-क्वार्टर मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की वन्दना को 5-0, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब की परवीन को 5-0 व सेमीफाइनल मुकाबले में ऑल इंडिया पुलिस की मोनिका को 1-4 के स्कोर से हराकर रजत पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार बताया हैं कि महाराष्ट्र के अकोला शहर में 67वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हों रहा है जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग अकादमी के हर्षित शर्मा, जतिन सिघरोहा, रौनक छिकारा, वैदिक तोमर, यश राणा इन सभी ने अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश कर अपने पदक पक्के किए।

### क्रिकेट मैच : खानपुर कलां टाइटन्स ने जीती ट्राफी

**गोहाना।** नशा छोडकर खेलकूद में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के उद्देश्य से गोहाना पुलिस के गांव खानपुर कलां के ग्राम प्रहरी एचसी दिनेश ने गांव में क्रिकेट मैच का आयोजन करवाया। मैच में खानपुर कलां स्टीलर्स को पराजित कर खानपुर कलां टाइटन्स की टीम ने ट्राफी जीती। ग्राम प्रहरी ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया। पुलिस महानिदेशक आईपीएस शत्रुजीत कपूर द्वारा पूरे प्रदेश में युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित कर व उन्हें नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत सोनीपत के पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के दिशा निदेर्शानुसार और गोहाना की पुलिस उपायुक्त भारती डबास के मार्गदर्शन में गुरुवार को गांव खानपुर कलां में क्रिकेट मैच करवाया गया। सदर थाना प्रबंधक उमेश कुमार के अनुसार नशा मुक्त अभियान का उद्देश्य जनता तक पहुंचना और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवा वर्ग को नशे की लत से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। थाना प्रबंधक ने लोगों से अपील की कि वे नशा तस्करों का बहिष्कार करें।

## खबर संक्षेप

### साइकिल में मनीष, सैक रेस में अशु अव्वल घोषित



**गोहाना।** गढ़ी सराय नामदार खां गांव में स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल के दो दिन के वार्षिक खेल गुरुवार को प्रारंभ हो गए। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में साइकिल रेस में मनीष तो सैक रेस में अंशु को प्रथम घोषित किया गया। प्रथम दिन प्रतिभागी खिलाड़ियों ने स्कूल कैप्टन प्रिंस के नेतृत्व में मार्च पास्ट से हेडमास्टर रविंद्र मलिक को बधाई दी। लड़कों की ऊंची कूद में प्रवेश प्रथम, रिंकू द्वितीय और जतिन तृतीय रहे।

### देश का गौरव है श्रीराम मंदिर का निर्माण : जैन



**सोनीपत।** अयोध्या जी में निर्मित श्रीराम मंदिर को राष्ट्र मंदिर कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, श्री राम मंदिर का निर्माण देश का गौरव है। सनातन धर्म को करोना, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया बताने वाली ताकतों के मुंह पर करारा तमाचा है और मंदिर निर्माण से सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराएगी। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कैलाशपुर, दिल्ली कैम्प, गांधी आवास योजना, सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड, शिव कॉलोनी गली नंबर एक-सात, प्रेम नगर टिल्ला तथा ऋषिकुंज कॉलोनी में पांच दीये राम के नाम अभियान के तहत दीये वितरित करते हुए व्यक्त किए।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उठाएं कदम

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से जिला उपायुक्तों व संबंधित अधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक के दौरान केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं बारे समीक्षा करते सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वीसी के पश्चात उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि वीसी के दौरान विभिन्न विषयों को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए दिशा निर्देशों का पालना करना सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करें।

### गीता विद्या मंदिर में बाल बलिदानी दिवस मनाया

**गोहाना।** शहर में गीता विद्या मंदिर में वीर बाल बलिदानी साहिबजादों को याद किया गया। विद्यार्थियों ने उनकी कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। सनातन धर्म के महत्व को बताया गया। साहिबजादों से जुड़े प्रेरक प्रसंग एवं कविता वाचन से देश व धर्म की रक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। मनस्वी ने बलिदान दिवस की ओजस्वी कविता की बेहतर प्रस्तुति दी।

### बुजुर्ग महिला लापता गुमशुदगी का केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर की निवासी एक बुजुर्ग महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं है। दयानंद नगर के निवासी राजकुमार का कहनाहै कि उसकी माताजी करीब 75 वर्षीय सुमित्रा देवी गत 26 दिसंबर की सुबह घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। तब से लेकर अब तक अपने स्तर पर तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। उधर, सेक्टर-9 चौकी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक कल

**झज्जर।** शहर के बाबा कांशिगिरी मंदिर में शनिवार को जिला व्यापार मंडल द्वारा बैठक का आयोजन किया जाएगा। व्यापार मंडल के प्रधान राकेश अरोड़ा ने बताया कि बैठक में नए जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। शाम करीब साढ़े बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में व्यापार मंडल संरक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोर कमेटी सदस्य मौजूद रहेंगे।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड वितरित करते भाजपा नेता।

# मोदी की गारंटी से गरीबों के जीवन में खुशहाली : जैन

- गांव रतनगढ़, चिढ़ाना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को गांव रतनगढ़, बादशाहपुर माछरी, भादोठी खास तथा चिढ़ाना पहुंची, जहां लोगों ने यात्रा को जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांव रतनगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बतौर मुख्यातिथि पहुंचे और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने गांव रतनगढ़ में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी की गारंटी से गरीबों के जीवन में खुशहाली आई है।

केंद्र व राज्य सरकार ने देश-प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक जनहितकारी फैसले लेकर दशार्या कि सरकार का अंत्योदय उत्थान पर पूरा फोकस है। इस मौके पर गांव की सरपंच सोनिया, जेई अनिल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथियों ने गांव की गर्भवति महिलाओं को फल वितरित करने के साथ-साथ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र तथा प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए।

### यात्रा से लोगों के जीवन में आई खुशहाली : सुशीला



**गोहाना।** मुंडलाना ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने गांव भादौठी खास में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों के जीवन में खुशहाली आ रही है। इस यात्रा से पात्र लोगों को उनके घर के द्वार पर ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतुष्टि हासिल करना है, जिससे देशभर में सभी इच्छित लाभार्थियों को उनके लाभों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के लोगों तक पहुंचने के बाद उज्ज्वला मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन योजना के नए लाभार्थियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान सुरेन्द्र आर्य, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष फूल खरब, सोनिया मोर, सुधीर मलिक तथा गांव के सरपंच सत्यवान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया

- पार्टी के अभियान के तहत डोनेशन करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई


जसपाल आंतिल खेवड़ा कांग्रेस स्थापना दिवस पर झंडा लहराते हुए।

जसपाल आंतिल खेवड़ा पी सी सी डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने अपने खेवड़ा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी का झंडा फहराकर 139वां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया और पार्टी के झंडे को कार्यालय के ऊपर लगाया। जसपाल आंतिल ने संबोधित करते कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व व खुशी है कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी में भूमिका निभाई, जब 1885 में पार्टी की स्थापना हुई थी, तब हमारे स्वर्गीय नेताओं ने लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण करना है। कांग्रेस पार्टी भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष कर कर रही है। सभी साथियों ने पार्टी के अभियान के तहत डोनेशन करने के लिए प्रेरित किया।

आंतिल ने कहा कि खुशी की बात है कि टीम दीपेंद्र हुड्डा राई ने लगभग 6 लाख रुपए से ज्यादा पार्टी के लिए चंदा डोनेट किया। इस मौके पर विशाल चौहान हल्का अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, अमित नाहरा हल्का उपाध्यक्ष, इन्दु आंतिल मीडिया कोर्डिनेटर लोकसभा सोनीपत, प्रवीन खापरा जिला प्रवक्ता यूथ कांग्रेस सोनीपत, राम जंगाला हल्का उपाध्यक्ष एस सी सेल, आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य थीम पर मटिंडू स्कूल की सिमरन प्रथम

- जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। समग्र शिक्षा व एससीईआरटी गुरुग्राम की तरफ से संयुक्त रूप से लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के सभी खंडों से खंड स्तर पर प्रथम रहने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल बनाएं। जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 210 विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की गई। जिसमें पहला वर्ग कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का था। जबकि दूसरा वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों का था। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य, कृषि, लाइफ स्टाइल, कम्यूनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट, कम्प्यूटेशनल सोच थीम पर मॉडल तैयार किए गए थे। स्वास्थ्य थीम पर खरखौदा के मटिंडू स्कूल की छात्रा सिमरन ने कक्षा 9 से 12वीं तक के वर्ग में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है।


गोहाना। फल और सब्जी की दुकानें सजाए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों को दी वस्तुओं के भाव क्रय व विक्रय की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

स्थानीय गीता विद्या मंदिर में शिशु आजाद बाजार लगाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को फल, सब्जियों और मसालों के नामों और उनकी पहचान संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वस्तुओं के क्रय-विक्रय और उनके मूल्यों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बोल-बोल कर वस्तुएं बेची भी। शिशु आजाद बाजार का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमानंद लोहिया, वरिष्ठ सदस्य सतीश गोयल और डॉ. अनिल सैनी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। बाजार में कुल 17 दुकानें लगाई गई। बाजार के सब्जी भंडार में धनिया, मेथी, बथुआ, पालक, पेठा, घीया, मूली, आलू, प्याज और टमाटर और मसाला बाजार में इलायची, काली मिर्च, लोंग, सूखा धनिया और लाल मिर्च पाउडर उपलब्ध थे। सभी प्रकार की दालें, जूस कार्नर, ड्राइक्लीन , चिकित्सालय, नाई की दुकान, किताबों, फूल, क्रॉकरी व जूतों की दुकान भी सजाई गई।

# गांव राई में 1.7 करोड़ की लागत से बिछाई जाएगी सीवर लाइन : पुनीत

## निगम पार्षद ने नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई


राई। निगम पार्षद पुनीत राई के साथ जयभगवान कौशिक नारियल तोड़कर शुभारंभ करते। फोटो : हरिभूमि

वार्ड नं 8 के गांव राई में जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई के द्वारा 1 करोड़ 7 लाख की लागत से सीवरेज लाइन के कार्य का शिलान्यास जयभगवान कौशिक के द्वारा नारियल तोड़ कर शुभारंभ किया गया। यह कार्य गांव के हाई स्कूल से लेकर राठधना रोड ईश्वर के मकान तक लाइन दबाई जाएगी। पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने वार्ड में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। गांव में गंदे पानी की निकासी की समस्या से निजात मिल जाएगी। यह मांग काफी लंबे समय से गांव के लोगों द्वारा की जा रही थी। पुनीत राई ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसके अलावा गरीब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वर्ग का ध्यान रखते है। गरीब व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए गांव- गांव में यात्रा जा रही है। इस अवसर पर जिला पार्षद देवेंद्र मुकीनपुर, सुंदर जठेड़ी, विनोद चोपड़ा, रमेश कौशिक, राजकुमार कौशिक, सुरजीत कौशिक, संजीव त्यागी, राकेश कौशिक, दीपक, शोरव, छोटे लाल आदि मौजूद रहे।

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

केस नं. 57/Teh तिथि दायरा 10.01.2023 तिथि पेशी 16.01.2024 किस्म मुकदमा तकसीम मौजा बैंगा

1. सुरेश कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. महेश कुमार 4. जितेन्द्र कुमार 5. नरेश कुमार पुत्रान बन्शीलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
--फरीक अव्वल

बनाम

1. सोमेश 2. मुकेश बजरिये वारसान 2.1 मिथलेश पत्नी 2.2 प्रिया 2.3 श्वेता पुत्री 2.4 पूजा पुत्री 2.5 प्राची पुत्री 2.6 झंडू पुत्र 3. उषी पुत्र ईश्वर सिंह पुत्र मोहनलाल 4. मनोज 5. जोनी पुत्रान बालेश्वर पुत्र मोहनलाल 6. गोहलू पुत्र रामेश्वर पुत्र मोहनलाल 7. चमनो पुत्री 8. शिम्भू बजरिये वारसान 8.1 सोमेश पुत्र 8.2 मुकेश बजरिये वारसान 8.2.1 मिथलेश पत्नी 8.2.2 प्रिया 8.2.3 श्वेता पुत्री 8.2.4 पूजा पुत्री 8.2.5 प्राची पुत्री 8.2.6 झंडू पुत्र 8.3 सुशील पुत्र 8.4 विनोद पुत्र 8.5 बबिता पुत्री 8.6 सुनीता पुत्री 8.7 सरिता पुत्री 9. ईश्वर 10. रामेश्वर 11. बालेश्वर 12. बालू पुत्रान मोहनलाल पुत्र हरकेश 13. सुशील 14. विनोद पुत्रान शम्भू पुत्र मोहनलाल निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत
--फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नंबर 152//151 खाता नंबर 158 कुल तादादी 08 कनाल 00 मरले वाका मौजा बैंगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 16.01.2024 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2024 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 21.11.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

केस नं. 59/Teh तिथि दायरा 10.01.2023 तिथि पेशी 16.01.2024 किस्म मुकदमा तकसीम मौजा बैंगा

1. सुरेश कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. महेश कुमार 4. जितेन्द्र कुमार 5. नरेश कुमार पुत्रान बन्शीलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
--फरीक अव्वल

बनाम

1. सुरेन्द्र 2. औमदत्त 3. ब्रहमदत पुत्रान कालू 4. सोमेश 5. सुशील 6. विनोद पुत्रान शम्भू पुत्र मोहना 7. उषी पुत्र ईश्वर पुत्र मोहना 8. मनोज 9. जोनी पुत्रान बालेश्वर पुत्र मोहना 10. गोहलू पुत्र रामेश्वर पुत्र मोहना 11. अनुज पुत्र महेन्द्र पुत्र कालू 12. श्रीमती सीमा पत्नी सुशील पुत्र शम्भू 13. शिम्भू बजरिये वारसान 13.1 सोमेश पुत्र 13.2 मुकेश बजरिये वारसान 13.2.1 मिथलेश पत्नी 13.2.2 प्रिया 13.2.3 श्वेता पुत्री 13.2.4 पूजा पुत्री 13.2.5 प्राची पुत्री 13.2.6 झंडू पुत्र 13.3 सुशील पुत्र 13.4 विनोद पुत्र 13.5 बबिता पुत्री 13.6 सुनीता पुत्री 13.7 सरिता पुत्री 14. राजू पुत्र बजरिये वारसान 14.1 चमनो बहन 14.2 शिम्भू बजरिये वारसान 14.2.1 सोमेश पुत्र 14.2.2 मुकेश बजरिये वारसान 14.2.2 क-मिथलेश पत्नी 14.2.2 ख-प्रिया 14.2.2 ग-श्वेता पुत्री 14.2.2 घ-पूजा पुत्री 14.2.2 ड-प्राची पुत्री 14.2.2 च-झंडू पुत्र 14.2.3 सुशील पुत्र 14.2.4 विनोद पुत्र 14.2.5 बबिता पुत्री 14.2.6 सुनीता पुत्री 14.2.7 सरिता पुत्री 14.3 ईश्वर सिंह 14.4 बालू भाई 14.5 बालेश्वर 14.6 रामेश्वर भाई राजू पुत्र मोहनलाल पुत्र हरकेश 15. ईश्वर 16. बालू 17. बालेश्वर 18. रामेश्वर पुत्रान मोहनलाल पुत्र हरकेश 19. चमनो पुत्री मोहनलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत
--फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नंबर 30 खाता नंबर 42 ता 47 तादादी कुल तादादी 122 कनाल 11 मरले वाका मौजा बैंगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 16.01.2024 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2024 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 21.11.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

केस नं. 62/Teh तिथि दायरा 10.01.2023 तिथि पेशी 16.01.2024 किस्म मुकदमा तकसीम मौजा बैंगा

1. सुरेश कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. महेश कुमार 4. जितेन्द्र कुमार 5. नरेश कुमार पुत्रान बन्शीलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
--फरीक अव्वल

बनाम

1. चमनी पुत्री 2. शिम्भू बजरिये वारसान 2.1 सोमेश पुत्र 2.2 मुकेश बजरिये वारसान 2.2.1 मिथलेश पत्नी 2.2.2 प्रिया 2.2.3 श्वेता पुत्री 2.2.4 पूजा पुत्री 2.2.5 प्राची पुत्री 2.2.6 झंडू पुत्र 2.3 सुशील पुत्र 2.4 विनोद पुत्र 2.5 बबिता पुत्री 2.6 सुनीता पुत्री 2.7 सरिता पुत्री 3. ईश्वर 4. बालेश्वर 5. रामेश्वर 6. बालू पुत्रान मोहनलाल पुत्र हरकेश 7. सुशील 8. विनोद पुत्रान शम्भू पुत्र मोहनलाल निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत
--फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नंबर 153//152 खाता नंबर 159, 160, 161 कुल तादादी 21 कनाल 14 मरले वाका मौजा बैंगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 16.01.2024 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2024 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 21.11.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

केस नं. 56/Teh तिथि दायरा 10.01.2023 तिथि पेशी 16.01.2024 किस्म मुकदमा तकसीम मौजा बैंगा

1. सुरेश कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. महेश कुमार 4. जितेन्द्र कुमार 5. नरेश कुमार पुत्रान बन्शीलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
--फरीक अव्वल

बनाम

1. चमनो पुत्री 2. रामेश्वर 3. शिम्भू बजरिये वारसान 3.1 सोमेश पुत्र 3.2 मुकेश बजरिये वारसान 3.2.1 मिथलेश पत्नी 3.2.2 प्रिया 3.2.3 श्वेता पुत्री 3.2.4 पूजा पुत्री 3.2.5 प्राची पुत्री 3.2.6 झंडू पुत्र 3.3 बबिता पुत्री 3.4 सुनीता पुत्री 3.5 सुशील पुत्र 3.6 विनोद पुत्र 3.7 सरिता पुत्री 4. ईश्वर 5. बालेश्वर 6. बाल मुकन्द 7. सुशील पुत्र शम्भू पुत्रान मोहनलाल 8. विनोद पुत्रान शम्भू पुत्र मोहनलाल निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत
--फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नंबर 690//678 खाता नंबर 746 कुल तादादी 4 कनाल 0 मरले वाका मौजा बैंगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 16.01.2024 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2024 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 21.11.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

केस नं. 58/Teh तिथि दायरा 10.01.2023 तिथि पेशी 16.01.2024 किस्म मुकदमा तकसीम मौजा बैंगा

1. सुरेश कुमार 2. नरेन्द्र कुमार 3. महेश कुमार 4. जितेन्द्र कुमार 5. नरेश कुमार पुत्रान बन्शीलाल पुत्र हरकेश निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
--फरीक अव्वल

बनाम

1. सोमेश 2. मुकेश बजरिये वारसान 2.1 मिथलेश पत्नी 2.2 प्रिया 2.3 श्वेता पुत्री 2.4 पूजा पुत्री 2.5 प्राची पुत्री 2.6 झंडू पुत्र 3. चमनो पुत्री मोहनलाल पुत्र हरकेश 4. मनोज 5. जानी पुत्रान बालेश्वर पुत्र मोहनलाल 6. गोहलू पुत्र रामेश्वर पुत्र मोहनलाल 7. शिम्भू बजरिये वारसान 7.1 सोमेश पुत्र 7.2 मुकेश बजरिये वारसान 7.2.1 मिथलेश पत्नी 7.2.2 प्रिया 7.2.3 श्वेता पुत्री 7.2.4 पूजा पुत्री 7.2.5 प्राची पुत्री 7.2.6 झंडू पुत्र 7.3 सुशील पुत्र 7.4 विनोद पुत्र 7.5 बबिता पुत्री 7.6 सुनीता पुत्री 7.7 सरिता पुत्री 8. ईश्वर 9. बालेश्वर 10. रामेश्वर 11. बालू पुत्रान मोहनलाल पुत्र हरकेश 12. सुशील 13. विनोद पुत्रान शम्भू पुत्र मोहनलाल 14. उषी पुत्र ईश्वर पुत्र मोहनलाल निवासीगण ग्राम घसौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत
--फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्द्रजा खेवट नंबर 36 खाता नंबर 40 कुल तादादी 9 कनाल 0 मरले वाका मौजा बैंगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 16.01.2024 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2024 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 21.11.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर

## खबर संक्षेप



### नेशनल फेंसिंग में दीपिका ने जीता पदक

**खरखौदा।** नेशनल फेंसिंग अंडर 17 चैम्पियनशिप महेसाना, गुजरात में आयोजित की गई। जिसमें प्रताप स्कूल की कक्षा बारहवीं की छात्रा दीपिका ने सेबर इंवेट में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश, जिला व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता में पदक जीतने पर दीपिका का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ है, जो कि चेन्नई में आयोजित होंगे। विद्यालय प्रागंण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने दीपिका का स्वागत किया व पदक जीतने पर बधाई दी।

### 284 ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**गोहाना।** गुरुवार को गामड़ी गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में कुल 284 ग्रामीणों का परीक्षण करते हुए उनका उपचार किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि और सोनीपत मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया ने रोगियों में वितरण के लिए दवाइयां भेंट कीं।

### अवैध कब्जों को हटवाएं अधिकारी : एसडीएम

**खरखौदा।** एसडीएम डॉ अनमोल ने अपने कार्यालय में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी दीपिका शर्मा व पंचायत विकास विभाग के कर्मचारियों की गुरुवार को बैठक ली। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में पंचायत की जो जमीन है, यदि उस पर अवैध कब्जा है तो उसे हटाया जाए।

### महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी

**गोहाना।** गोहाना महिला पुलिस द्वारा महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराधों, महिला सुरक्षा व महिला सम्बन्धी कानूनों के प्रति विशेष जागरूकता जोरदार अभियान जारी है। इस अभियान के तहत गुरुवार को विद्यालयों में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

## सरकार ने नहीं दिया मिलने का न्यौता, डॉक्टर आज से शुरू करेंगे हड़ताल

# आपाताकालीन सेवाओं से लेकर प्रसूति विभाग व पोस्टमार्टम सेवाएं रहेगी बंद

- गत 27 दिसंबर को दिन भर ओपीडी सेवाएं बंद रखकर किया था रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत




हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार से जिलेभर के सभी सरकारी एमबीबीएस चिकित्सक बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे। मेडिकल कॉलेज को छोड़कर जिले के सभी नागरिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उपचार नहीं मिल सकेगा। शुक्रवार से सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी, एमरजेंसी, प्रसूति विभाग व पोस्टमार्टम सेवाएं बंद रहेंगी। जिससे उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। चिकित्सकों का आरोप है कि प्रदेश सरकार की तरफ से मांगों को लेकर उनसे मिलने तक का समय नहीं है। बता दें कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में 179 एमबीबीएस चिकित्सक मौजूद समय में सेवारत है। चिकित्सकों ने गत बुधवार को अपनी मांगों को लेकर दिनभर ओपीडी बंद करके रोष जताया था। चिकित्सक सरकार से विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने, सीधे एसएमओ की भर्ती करने पर रोक लगाने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई न होने के चलते हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने शुक्रवार से बेमियादी हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को इलाज कराने में परेशानी हो सकती है।

एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल व प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक ने बताया कि एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर काफी समय से सरकार से गुहार लगा रही है, लेकिन सरकार उनकी किसी मांग को पूरा नहीं कर रही है। बुधवार शाम पंचकूला में हुई राज्य कमेटी की बैठक में प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में सभी सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया गया। राज्य कमेटी के आह्वान पर सभी चिकित्सक अस्पतालों में काम का बहिष्कार करेंगे। जिसके चलते अस्पतालों में ओपीडी, एमरजेंसी, प्रसूति विभाग व पोस्टमार्टम सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रहेंगी।

### डेंटल व आयुर्वेद ओपीडी खुलेगी

जिन सरकारी अस्पतालों में डेंटल व आयुर्वेद की सेवाएं पहले से संचालित है। वहां पर पहले की तरह डेंटल व आयुर्वेद की ओपीडी खुली रही। सिविल सर्जन का कहना है कि चिकित्सकों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुख्यालय व सरकार से चिकित्सकों की हड़ताल से निपटने के लिए निर्देश मिल रहे है। उम्मीद है कि चिकित्सक अपनी हड़ताल को वापस लेकर अपने काम जारी रखेंगे।

### आपातकालीन सेवा रहेंगे बंद

चिकित्सकों ने गत बुधवार को दिन भर ओपीडी सेवाओं को बंद रखा था। हालांकि आपातकालीन सेवाएं, प्रसूति विभाग व पोस्टमार्टम सेवाएं चालू रही थी, चिकित्सकों ने सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो वह आगामी 29 दिसंबर से पूर्णतय हड़ताल पर चले जायेंगें। शुक्रवार से पोस्टमार्टम, प्रसूति विभाग व आपातकालीन सेवाएं बंद रहेगी।

### शिफ्ट चेंज होते ही हड़ताल पर चले जायेंगे

एसोसिएशन के पदाधिकारियों से ऑनलाइन चर्चा हुई है। सरकार की तरफ से कोई आश्वासन व मिलने तक का समय नहीं दिया गया है। ऐसे में पहले से निर्धारित की गई 29 दिसंबर से चिकित्सक सुबह आठ बजे से शिफ्ट चेंज होने के साथ ही हड़ताल पर चले जायेगें।

-डॉ प्यारेलाल, जिला प्रवक्ता

### चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

सरकार से चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। अगर चिकित्सक हड़ताल पर जाते है तो उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है। पैरा मेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। गैरहाजिर रहने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ जयकिशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी

# 5 गांवों के 1600 जरूरतमंद को कम्बल वितरित किए



**गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी अपने आवास पर महिलाओं को कम्बल वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- महिलाओं को अपने परिवार को आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए : निर्मल चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

विधायक निर्मल चौधरी ने वीरवार को रेलवे रोड स्थित अपने आवास पर हलके के गांव भोगीपूर, राजलू गढ़ी, शेखपुरा, गुमड़, भौरा रसुलपुर गांव की 1600 जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल वितरित किए। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से वे पिछल्ले साल से सर्दी में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्य कर रही हे। पिछल्ले साल उन्होंने करीब 8000 महिलाओं को और इससे पहले 6000 महिलाओं व पुरूषों को कम्बल वितरित किए। उनका प्रयास है कि धीरे-धीरे हलके के सभी जरूरमंद व्यक्ति तक उनको सर्दी में कम्बल की मदद मिले। अब सर्दी में हलके में करीब 15000 कम्बल वितरण करने का प्रयास है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि नारी को समानता का अधिकार प्राप्त है, उन्हें अपनी क्षमता पहचान कर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि हलके की अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी अभी सर्दी में कम्बल वितरित किए जाएंगे। कम्बल वितरण की व्यवस्था में चौधरी सुरेन्द्र सिंह, जिला पार्षद नरेन्द्र, राजेन्द्र त्यागी, भोपाल रापिरया, एडवोकेट सुन्दर रापरिया, महक फौगाट, विकास शर्मा पार्षद के अलावा दर्जन लोग व्यवस्था में जुटे हुए थे।

## बिजली कर्मियों के साथ मारपीट का दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड स्थित कार्यालय के सामने धरने पर बैठे बिजली कर्मी।

भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रिंकू व राकेश भांवर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपितों से मारपीट में संलिप्त बाकी लोगों का भी पता लगाएगी। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि बिजली निगम के ग्रामीण एसडीओ अभिषेक कौशिक ने शिकायत दी थी कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए निगम के जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश टीम गत 20 दिसंबर की शाम 7 बजे भांवर गांव में चैकिंग करने गई थी। टीम ने मशरूम फार्म संचालकों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। इस दौरान गांव के रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों को भी वहां बुला लिया और उन्होंने सरकारी काम में बाधा डाल कर निगम की टीम के साथ मारपीट की। आरोपितों ने जेई को बंधक बना उनके फोन भी तोड़ दिए। इस हमले में जेई नीरज व लाइनमैन जोगिंद्र घायल हो गए। एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

## 50 बच्चों को जर्सियां एवं 200 गरीबों को कंबल बांटे

- समारोह में जनपदपाल भारत भूषण दुआ, विशिष्ट अतिथि ललित मुटरेजा एवं विजेन्दर गोयल ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर




**गन्नौर।** मुख्यातिथियों के साथ क्लब के पदाधिकारी जरूरतमंदों को कम्बल व जूते वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लायंस क्लब गनौर गौरव द्वारा आज आर्य समाज स्कूल गनौर गांव में 50 बच्चों को जर्सियां, 50 बच्चों जूते, जुराबे व 200 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए गए। समारोह में जनपदपाल भारत भूषण दुआ, विशिष्ट अतिथि ललित मुटरेजा एवं विजेन्दर गोयल ने शिरकत की। मुख्यातिथि का स्कूल पहुंचने पर क्लब अध्यक्षा चारू चांदना, मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा, परियोजना अध्यक्ष नीरज जग्या, सचिव भावना जगया, अंकित मल्होत्रा, विक्रांत हांडा, मीनू हांडा, कंगना चांदना, शालू वाधवा ने स्वागत किया। जनपदपाल भारत भूषण दुआ ने कहा कि सर्दी के मौसम में गरीब व जरूरतमंद को कम्बल, जर्सियां वितरण करना सराहनीय कार्य है। इसके अलावा क्लब समय- समय पर अन्य सामाजिक कार्य कर रहा है। समाज सेवा करने के साथ ही समाज एवं स्वयं को मजबूत करने के लिए क्लब के सभी सदस्यों के अच्छे विचार है और इसके अलावा समाज का हर व्यक्ति सामाजिक सरोकारों से जुड़कर काम करें।

मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा ने कहा कि जब किसी भी काम को करते हुए नए-नए विचार एवं अनुभव प्राप्त होंगे तो कुछ नया करने के लिए उनकी आत्मा में नेक विचार मन में आएंगे और वह तत्पश्चात समाज में नया बदलाव लाने की सोच सकेंगे। मौके पर आर्य समाज स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया।

## सीए पवन गुप्ता की माता शांति देवी पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** शांति देवी

सेक्टर-15 के रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट पवन गुता की माता शांति देवी का बुधवार की रात को निधन हो गया। गुरुवार दोपहर में सेक्टर-15 स्थित शिव मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीए पवन गुप्ता ने मां की चिता को मुखाग्नि दी। शहर के सेक्टर-15 के रहने वाले सीए पवन गुप्ता की मां शांति देवी का बुधवार रात को निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थी। गुरुवार दोपहर में सेक्टर-15 के शिव मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पवन गुप्ता ने मां की चिता को मुखाग्नि दी। शांति देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके बेटे जेसी गुप्ता आबकारी एवं कराधान विभाग में ईटीओ से सेवानिवृत्त हैं। सीए पवन गुप्ता, पोते अजय गुप्ता और दूसरे पोते सीए प्रतीक गुप्ता हैं। मौके पर अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने व गर्भपात करवाने की वारदात में शामिल महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 8 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की से गांव के युवक ने दुष्कर्म करने व उसका गर्भपात करवाने की वारदात को अंजाम दिया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा केक



**गोहाना।** हरियाणा कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट मनोज गोहाना ने गुरुवार को गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस केक काट कर मनाया। मनोज गोहाना ने कहा कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सत्ताकाल में समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए कार्यकर्ता हर गांव में जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर सुभाष गोयल,सुरेंद्र जैन, राजेन्द्र जैन, प्रवीण गोयल, दिनेश जैन, राजेश जैन, नवीन जैन, नितेश कुमार,देवेंद्र दुराना,सोनू सैन,कृष्ण दहिया, नरेश कुमार, मोहन सिंह, नवीन कुमार, पंडित सत्येंद्र, सत्यवान और रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## कैंसिल चेक लेकर की लाखों की ठगी

- पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित फर्म संचालक को झांसे में लेकर लाखों रुपये का चेक क्लीयर करके धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि ठगों का कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव चौहान-जोशी निवासी रवि ने बताया कि उसने टूल टेक इंटरप्राइजस के नाम से फर्म बना रखी है। जिसका एक्सिस बैंक में खाता खुला हुआ है। करीब पांच-छह दिनों पहले उसके पास मोहित नाम के युवक को फोन आया। उसने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। संचालक ने बताया कि उसने बैंक में ओवर ड्राफ्ट खाता खुलवाना था। उसके बाद आशीष नाम को युवक बैंक कर्मचारी बनकर उसके पास आया। उससे फर्म के कागजात व कैंसिल चेक की लेकर चला गया। गत 26 दिसंबर को आशीष नाम का युवक अपने साथियों के साथ कार्यालय पर आया। उसने कार्यालय के फोटो खींचे। उसके बाद चला गया। वह देर शाम को अपना खाता चेक कर रहा था। उसी दौरान उसके खाते से दो लाख 95 हजार रुपये की राशि जोकि चेक नंबर 161993 से किसी व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुई मिली। उसने आशीष व मोहित को बार-बार कॉल की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। उसके बाद उनका फोन बंद आने लगा। मामले को लेकर उसने बैंक में संपर्क किया। वह ब्रांच में पहुंचा। जहां उसने रुपये निकलवाने वाले शख्स का आधार कार्ड वैरिफाई करवाया जो कि फर्जी निकला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाई थी सड़कें

# अकबरपुर बारोटा में चला पीला पंजा

- जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने की कार्रवाई, 7.5 एकड़ में विकसित की जा रही थी अवैध कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** सड़कें तोड़ती डीटीपी की टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार, सोनीपत (डीटीपी) विभाग ने अकबरपुर बारोटा की राजस्व संपदा में पीला पंजा चलाते हुए अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य को गिराया है। पुरानी फैक्टरी को तोड़कर लगभग 7.5 एकड़ जमीन पर बसाई जा रही इस अवैध कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़कें बनाई गई थी। इस दौरान टीम ने सभी सड़कें, बाउंडरी वॉल, डीपीसी तोड़ी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जानकारी अनुसार डीटीपी विभाग की इंफोरसपमेंट टीम को सूचना मिली थी कि द्वारा गांव जठेड़ी से अकबरपुर बरोटा रोड़ पर गांव अकबरपुर बरोटा की राजस्व सम्पदा में पुरानी सुर्गा लैदर फैक्ट्री को तोड़कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। सूचना के आधार पर जिला नगर योजनाकार विभाग ने टीम बनाकर मौके पर जेसीबी के जरिये तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिये अधिकारियों को भेजा।

अधिकारियों ने मौके पर पाया कि इस अवैध कॉलोनी को 7.5 एकड़ में विकसित किया जा रहा था। जहां पर इंटरलॉकिंग टाइल्स से सड़कें बनाई गई थी। 3 प्लॉटों को डीपीसी करवाई गई थी, वहीं बाउंड्री वॉल भी बनाई गई थी। डीटीपी की टीम ने डीपीसी, बाउंड्री वॉल और सड़क को तोड़ा।

शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के दौरान तोड़फोड़ की कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं इन्फोरसपमेंट स्टाफ व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। जानकारी देते हुए तोड़फोड़ की इस कार्यवाही के दौरान विभाग की ईन्फोरसपमैन्ट टीम द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध निर्माण/कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण/कॉलोनी को तोड़ा जा सके।

### बाउंड्री वॉल भी तोड़ी

नरेश कुमार, डीटीपी, सोनीपत ने कहा कि 7.5 एकड़ में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर इंटलॉकिंग टाइल्स से बनी सड़कें तोड़ी हैं, इसके साथ ही प्लॉटों की डीपीसी और बाउंड्री वॉल भी तोड़ी गई है।

## विधायक निधि से 2 चौपालों का नवनिर्माण करवाया



**गोहाना।** चौपाल के नवनिर्माण कार्य शुरू करते हुए विधायक इन्दुराज नरवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव भैंसवान खुर्द में विधायक निधि से लगभग 30 लाख रुपये की लागत मलिक पाना और पूनिया पाना में दो चौपालों का नवनिर्माण करवाया गया। गुरुवार को बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने ग्रामीणों के साथ दोनों चौपालों का लोकार्पण किया। दोनों चौपाल जर्जर हो चुकी थी, जिससे ग्रामीणों को सामूहिक कार्यक्रम करने में परेशानी आ रही थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने अपनी निधि से चौपालों के निर्माण के लिए बजट दिया था। अब चौपाल बनकर तैयार हो गई हैं।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर गुरुवार को कार्यकताअरं ने दो जगह कार्यक्रम किए। गोहाना हलका के विधायक जगबीर सिंह मलिक के पुराना बस स्टैंड स्थित कार्यालय और बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल के गजराज रोड स्थित कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया। कार्यक्रम में कार्यकताअरं ने पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। समारोह में कांग्रेस नेता जयनारायण गुप्ता, राजकुमार शर्मा, सुरेश सेतिया, देवेंद्र शर्मा, दुष्यंत लठवाल, बंसी वाल्मीकि, आजाद डांगी, पवन सैनी, धर्मपाल लठवाल, गुलाब खान, ओमबीर दहिया मौजूद रहे। बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास गौरवशाली रहा है।